परिशिष्ट-अ

नगर निगम जबलपुर के वार्ड क्रमांक 74 पूर्व में (वर्ष 2000 की स्थिति में) ग्राम पंचायत क्षेत्र था। यह क्षेत्र वर्ष 2014 से निगम सीमा में शामिल हुआ है। ग्राम अमखेरा के नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल होने के पश्चात 01 कालोनी की अनुमति नियमानुसार जारी की गई है, नगर परिषद बरेला जिला जबलपुर के नगरीय क्षेत्रांतर्गत कुल 4 तालाब अस्तित्व में हैं, जिनमें से दो तालाब क्रमशः लोकसागर वार्ड क्रमांक 02 एवं गोटीताल वार्ड क्रमांक 10 निजी है, तथा शेष 02 तालाब देवी तलैया भाग 1 एवं 2 वार्ड क्रमांक 13 खसरा नं. 764 एवं 765 में नगर के वार्ड क्रमांक 13 से आवासीय क्षेत्र लगा हुआ है। नगर परिषद बरेला क्षेत्रांतर्गत निजी व शासकीय तालाबों के सीमांकन हेतु कार्यालय नगर परिषद बरेला के पत्र क्रमांक 2006/न.प./2019 बरेला दिनांक 02/02/2019 द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी जबलपुर एवं पत्र क्रमांक 2014/न.प./2019 बरेला दिनांक 04/02/2019 द्वारा नायब तहसीलदार बरेला को निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित चारों तालाबों के सीमांकन हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। तालाबों का सीमांकन पश्चात नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नही होता है।

कार्यपालन यंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास,
म.प्र. भोपाल

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग